[श्री सुरेश पचौरी]

अनुकरणीय और सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करमे, ऐसा मेरा आपके माध्यम से उनसे आग्रह है ।

इसके अलावा जो वह प्लांट है, वह आज से प्रारंभ किया जा रहा है और उसमें पड़ा जो कोयला है, उसका स्टाक जब खत्म हो जाएगा, तो उस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । (समय की घंटी) इसके लिए जो कोयला उस प्लांट के लिए नये कोयला का इस्तेमाल किया जाए । जिस कोयला का मैंने जिक्र किया है, उसका इस्तेमाल न किया जाए ताकि जब सी.बी.आई. को यह मामला सौंपा जाए, तो उस पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े । (समय की घंटी)

मैंने यह मामला आपके संरक्षण में इसलिए उठाया है कि हमारे प्रखर पूर्व सांसद, डा. रत्नाकर पाण्डेय जी आज इस संसद के सदस्य नहीं हैं, लेकिन जैसा उन्होंने पत्र में इस चीज को उजागर किया है, तो हम लोगों का यह नैतिक कर्तव्य हो जाता है कि हम राजनीतिक पार्टियों के ऊपर उठ कर सी.बी.आई. को सौंपने की सभी लोग समर्थन करें और माननीय मंत्री जी भी जब यहां पर मौजूद हैं, तो वह स्वयं इस प्रकरण का आडिट आडिटर-जनरल से करवायें--ऐसा मेरे निवेदन है ।

मुझे उम्मीद है कि इस पूरे प्रकरण की जांच सी.बी.आई. के द्वारा की जाएगी, क्योंकि यह सरासर खुला भ्रष्टाचार का मामला बनता है ।

मुझे उम्मीद है कि माननीय मंत्री जी इस संबंध में आवश्यक रूप से पहल करेंगे । धन्यवाद ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) अब हम हाफ-एन-आवर डिसकशन लेने जा रहे हैं । . . . (व्यवधान) वह इसके बारे में है, पर वह सूची में आया नहीं है । अभी हाफ-एन-आवर डिसकशन के बाद . . . (व्यवधान)

Mr. Maheshwar Singh is to raise a discussion on points arising out of the .answer given in the Rajya Sabha on the 28th July, 1992 to Starred Question 284.

माफ कीजिए, श्री मूलचंद मीणा जी यह क्वश्चन रेज़ करेंगे ।

HALF-IAN HOUR DISCUSSION ON POINTS ARISING OUT OF THE ANSWER GIVEN IN THE RAJYA SABHA ON THE 28TH JULY, 1992 TO STARRED QUESTION 284 RE. NUMBER OF VILLAGES AND HARUAN BASOTS ELECTRIFIED DURING SEVENTH PLAN PERIOD.

श्री मूलचन्द मीणा (राजस्थान) : सर, 28 जुलाई, को क्वश्चन नं0 284 ग्रामीण विद्युतीकरण और हरिजन बस्तियों के विद्युतीकरण से संबंधित था । मैं यह कहना चाहता हूं कि भारत देश कृषि प्रधान है। वैज्ञानिक तौर तरीकों से कृषि की उपज को बढ़ाने के लिए कई नई-नई तकनीकें कृषि के विस्तार के लिए इस देश के अंदर लागू की गई । गांव का आदमी पहले बैलों की जोड़ी और एक चमड़े का तरस होता था, उससे सिंचाई किया करता था । उसके बाद इंजन पंप सैट जो डीज़ल के इंजन होते हैं, इनका प्रयोग करने लगा । इसमें खर्चा ज्यादा आने लगा । बिजली का उत्पादन जैसे-तैस बढ़ा और गांवों में सिंचाई के कार्य में बिजली की मोटर लगा कर सिंचाई करने से उनको थोड़ी सुविधा मिली और सस्ती सिंचाई होने लगी । इस उद्देश्य को लेकर सरकार ने गांवों में विद्युतीकरण करने की योजना बनाई इस क्वश्चन के अंदर मंत्री जी ने 28 तारीख को यह बताया था कि हमने 7वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत एक लाख 506 गांवों को, एक लाख 740 हरिजन बस्तियों को इलैक्ट्रिफाई कर दिया है । सारे आंकड़े जो मंत्री जी ने दिए यह तो तथ्यों से परे हैं और केवल कागजी आंकड़े हैं । मैं आपको उदाहरण देना चाहता हूं कि ऐसे गांव भी आंकड़ों के अंदर हैं जिनमें कि बिजली के खंभे

तक गाड़े नहीं गए, बिजली की तारें खींची नहीं गई और बल्ब तक जला नहीं है । वह तो आंकड़े आप दर्शा रहे हैं कि इतने गांवों को हमने इलैक्ट्रिफाइड घोषित कर दिया । जहां तक हरिजन बस्तियों को बिजली देने की बात है तो वह हरिजन बस्तियों के नाम पर जो पैसे वाले थे या जिनकी लाठियों में जोर था, उन लोगों के घरों में जरूर लाइटें लग गई हैं, लेकिन हरिजन बस्तियों में लाइटें नहीं गई हैं । मंत्री जी, आप इसका सर्वे कराएं, जांच कराएं कि कितने ऐसे गांव हैं जिनके अंदर हरिजन बस्तियों में लाइट नहीं गई है जबकि आपके द्वारा यह दर्शाया गया है कि इतनी हरिजन बस्तियों को लाइट दे दी गई है । उदाहरण के तौर पर, मैं सवाई माधोपुर जिले से आता हूं मैं आप के माध्यम से मंत्री जी को यह कहना चाहता हूं कि सवाई माधोपुर जिले के जो आंकड़े आपने दिए हैं उनमें 50 परसेंट भी ऐसी हरिजन बस्तियां नहीं हैं जिनमें कि लाइट चली गई हो । 50 परसेंट भी लाइट नहीं गई है । मंत्री जी, अधिकारी आपको यह आंकड़े दे देते हैं । आज राजस्थान में बिजली के लिए वहां का किसान तरसता है । उसको बिजली समय पर नहीं मिलती है । जिन गांवों के अंदर बिजली चली गई है उन गांवों में जिन किसानों को बिजली नहीं मिली है वे किसान परेशान हैं । जिन गांवों को इलैक्ट्रिफाइड घोषित नहीं किया है और आपके रेकार्ड के अदर उनको इलैक्ट्रिफाइड माना गया है उन गांवों के अंदर विद्युत विभाग द्वारा किसानों के साथ कैसा व्यवहार हो रहा होगा ? राजस्थान के अंदर तीन ग्रामीण विद्युतीकरण सहकारी समितियों का गठन किया गया था । एक टोडा भीम है सवाई माधोपुर जिले के अंदर, दूसरा सवाई माधोपुर जिले के अंदर महुआ ब्लाक है और तीसरा जयपुर डिस्ट्रिक्ट के अन्दर कोटपुतली है । उन सहकारी समितियों को ब्लाक की सहकारी समितियां बनाया गया था और उनको उस एरिया का, उन गांवों का सर्वे करा कर उनको पैसा भी, आपका जो विद्युतीकरण बोर्ड है, आपका जो ग्रामीण विद्युतीकरण बोर्ड है, जिसने उस स्कीम को पास किया था, उसके माध्यम से मिला था । लेकिन, मेरी समझ में नहीं आता, योजना का सारा सर्वे कराकर आपने जो पैसा दिया ताकि सारे गांव इलैक्ट्रिफाइड हो जायें, वह कहां गया ? आपके इन कर्मचारियों और अधिकारियों ने क्या किया ? आप देखिए, उन तीनों ब्लाकों में आधे-आधे गांव इलैक्ट्रिफाइड हुए हैं और बाकी आधे-आधे गांव नहीं हुए हैं । पैसा उन सोसायटियों का आपका समाप्त हो गया । आज स्थिति यह है कि राजस्थान का विद्युत बोर्ड उन सोसायटियों को अपने अधीन नहीं मानता और आप जो उनको कर्जा या अनुदान देते थे आपने यह अनुदान या कर्जा देना भी बंद कर दिया । आज उन सहकारी समितियों की, ब्लाकों के किसानों की स्थिति क्या है ? वहां डी० पी० छः महीने के बाद लग सकती है, डी० पी० लगती नहीं है, तार टूट गए तो तार लगते नहीं हैं, खम्भे टूट गये तो खंबे लगते नहीं हैं, अगर कोई नए कनेक्शन लेना चाहता है तो उनको मिलते नहीं । ऐसी स्थिति आज उन ब्लाकों के अंदर किसानों की हो रही है । तो मैं एक तो मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि राजस्थान के अंदर ग्रामीण विद्युतीकरण सहकारी समिति जो हैं, उन्हें या तो आप अनुदान दीजिए या कर्जा दीजिए, लेकिन उनको सुचारू रूप से चलाने के लिए कोई योजना आप जरूर बनाइए ।

दूसरा, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आप को उदाहरण देना चाहता हूं कि सवाई-माधोपुर जिले के अंदर 1,046 गांव हैं और इनमें 283 गांव में बिजली नहीं है। आपके आंकड़ों में तो सारे जिले के अंदर बिजली पहुंचाना बताया गया है। मंत्री जी, मैं आपसे यह पूछना चाहता हूं कि इस देश के अंदर कितने गांव हैं और आपने कितने गांव के अंदर बिजली पहुंचाई है? यह सब आंकड़ों से चलने वाला नहीं है। आंकड़े तो, जो आप स्कीम पास करते हैं उसके आधार पर, बनाए जाते हैं। वास्तविकता क्या है? यह जानने की जरूरत है। मंत्री जी, आप तो किसान के घर में पैदा हुए हो। आपको तो जानकारी होगी कि किसानों के सामने कैसी दिक्कतें आती हैं, कितना उनको कष्ट उठाना

[श्री मूलचन्द मीणा]

पड़ता है। तो आप वास्तविकता को देखें। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि जब मैं विधानसभा का सदस्य था, जिस क्षेत्र से मैं विधायक था, वहां मैंने देखा किसानों की दुर्गति हो रही है। वहां पन्द्रह गांव के लिए लाइन खींची गई थी। मैंने कई बार राजस्थान सरकार के मंत्री जी से, अधिकारियों से भी कहा कि आपने पांच साल पहले इनकी लाइन जरूर खींची थीं और उस एरिए में आपने तार भी लगाए थे, लेकिन आज वहां एक खंबा नहीं है बिजली का, तार नहीं है और आपकी रिपोर्ट में तो इलेक्ट्रिफाइड हैं। उनका कोई इलाज नहीं है। किसी के सामने जाकर आप कहें तो आपके पास रिपोर्ट आ जाएगी कि यह तो इलेक्ट्रिफाइड पहले से ही हैं।

इसके अलावा, उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री से यह पूछना चाहता हूं कि आपने सातवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत किस-किस प्रांत को कितना-कितना पैसा दिया? और, कितने-कितने गांव की स्कीम आपके सामने, आपके बोर्ड के सामने लाई गई? क्या यह स्कीम पूरी हो गई?...

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : मीणा जी, एक बात आप सुन लें कि यह हाफ एन आँवर डिसकसन है, तो आधा घण्टा केवल आप ही का नहीहै।

श्री मूलचन्द मीणा : जी, सर, मैं खतम कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : नहीं, मैं केवल रूल की बात कह दूं। आधे घंटे के अंदर आप भी बोलेंगे, कुछ और माननीय सदस्य भी बोलेंगे और मंत्री महोदय को भी जवाब देना है। इसलिए आप जरा जल्दी खतम कर दीजिए।

श्री मूलचन्द मीणा : बहुत कम बोलूंगा, सर। मंत्री जी, राजस्थान एक ऐसा प्रदेश है, जहां सिंचाई के लिए कोई नहरें नहीं हैं, केवल एक ही साधन है बिजली और इसलिए मेरा आपसे यही निवेदन है कि आप राजस्थान की ओर विशेष ध्यान देते हुए, वहां के किसानों के भले को देखते हुए, वहां सर्वे कराकर या जांच कराकर, बिजली के अधिकारी या राजस्थान गवर्नमेंट किसानों के प्रति निष्क्रिय है इसको ध्यान में रखते हुए, वहां के किसानों को बिजली उपलब्ध कराने के लिए योजना के रूप में, जो भी उसमें गड़बड़ हुई हो उसको ठीक करते हुए, उनको बिजली दें। यहां तक हरिजन बस्तियों की बात है, हरिजन तो इस दुनिया में सबसे गिरे हुए स्तर का है, उसको ऊपर उठाने की जरूरत है, उनके घरों के अंदर उजाला करने की जरूरत है। मंत्री जी, आप देखें उनको धोखा देकर उनके नाम पर जिन लोगों ने बिजली ली है और जिन लोगों ने दी है, जबकि हरिजनों को नहीं मिल रही है, तो उनके खिलाफ आप कार्यवाही करें। जयहिंद।

श्री महेश्वर सिंह (हिमाचल प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदया, ग्रामीण विद्युतीकरण और हरिजन बस्ती विद्युतीकरण के संदर्भ में जो प्रश्न श्री शांति त्यागी जी ने इस माननीय सदन में उठाया था और उस संदर्भ में जो माननीय मंत्री महोदय ने उत्तर दिया था उससे जो मुद्दे उत्पन्न हुए हैं, उस पर मुझे चर्चा करने की आपने अनुमति प्रदान की, इसके लिए मैं सर्वप्रथम आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं।

इससे पूर्व कि मैं अपनी बात कहूं, मैं इस बात पर खेद व्यक्त करना चाहूंगा कि उस दिन जब मंत्री महोदय उत्तर दे रहे थे तो मंत्री महोदय ने इस प्रकार के आंकड़े इस माननीय सदन में उपस्थित किए कि जो सारे सदन को गुमराह कर सकते हैं, उन्होंने एक आंकड़ों का जाल बिछाने की कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्यवश उस जाल में वे स्वयं फंस गए हैं। यह मैं कुछ आंकड़े देकर सिद्ध करूंगा।

"क" भाग में सदस्य महोदय ने यह जानना चाहा था कि सातवीं पंचवर्षीय योजना में देशभर में कितने गांवों का

विद्युतीकरण हुआ और कितनी हरिजन बस्तियों का विद्युतीकरण हुआ है? मंत्री महोदय ने अपने उत्तर में यह कहा कि 1,00,740 हरिजन बस्तियों और 1,00,506 गांवों का विद्युतीकरण हुआ है। इसी संदर्भ में जब 3 अगस्त को लोक सभा में प्रश्न पूछा गया, दूसरे सदन में प्रश्न पूछा गया तो वहां पर... **(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : माननीय सदस्य को मैं यह कहना चाहता हूं कि लोक सभा में क्या पूछा गया, क्या कहा गया, वे उसका उदाहरण दे रहे हैं, उसका उदाहरण राज्य सभा में नहीं दिया जा सकता।

श्री महेश्वर सिंह : नहीं दूंगा, सारी सर। जो दूसरे सदन में प्रश्न पूछा गया, उनमें मंत्री महोदय ने जो आंकड़े प्रस्तुत किए उनमें यह कहा गया कि 4,87,000 ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : नहीं, यह भी नहीं कहिए। दूसरे सदन की बात नहीं कहें।

श्री महेश्वर सिंह : इसी संदर्भ में जो प्रश्न पूछा गया...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : हां। कहिए कि इस संदर्भ में।

श्री महेश्वर सिंह : ठीक है सर। मंत्री महोदय तो यहीं थे वहां भी।

PROF. SAURIN BHATTACHARYA (West Bengal): The figures given by the Minister can be quoted.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Reply can be quoted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): Only reply can be quoted.

श्री महेश्वर सिंह : रिप्लाई क्वोट कर रहा हूं। मंत्री महोदय ने इसी संदर्भ के एक प्रश्न के उत्तर में कहा है कि 4,87,508 गांवों का विद्युतीकरण हुआ है। अब मेरी समझ में यह नहीं आता कि जब यह 7वीं पंचवर्षीय योजना की बात कहते हैं तो 1,00,506 गांवों की बात कहते हैं और उसके बाद यह कहते हैं कि 4,87,508 गांवों का विद्युतीकरण हो गया। तो मैं यह जानना चाहूंगा कि यह जो 3,87,002 गांव हैं, क्या इनका सारा विद्युतीकरण 7वीं पंचवर्षीय योजना समाप्त होने के बाद और दो वर्षों में हो गया?

इसी प्रकार एक सप्लीमेंटरी जब मंत्री महोदय से यहां पूछा गया तो उसके उत्तर में उन्होंने यह कह दिया कि देशभर में कुल गांव 5,00,890 हैं और जो गांव अभी शेष बचते हैं इलैक्ट्रीफिकेशन के लिए, उनकी संख्या उन्होंने 92,000 बतलाई। इसी संदर्भ में जब एक प्रश्न पूछा गया तो कुल गांवों की संख्या 5,79,132 बतलाई गई और वहां भी कुल गांव जो शेष रह गये उनकी संख्या 91,624 बतलाई गई। मैं यह जानना चाहूंगा कि केवल 15 दिनों में यह 10,000 गांवों की उत्पत्ति कहां से हो गई? इन आंकड़ों में यह अंतर क्यों है? और इसके बाद जो ऊर्जा विभाग की नेन्युअल रिपोर्ट है, उनका यह कहना है कि अभी देशभर में लगभग 1,00,000 गांव विद्युतीकरण के शेष हैं। अब मंत्री जी का कहना है कि केवल 92,000 शेष हैं या 90,000 शेष हैं और ऊर्जा विभाग का कहना है कि 1,00,000 शेष हैं। तो यह भी स्पष्टीकरण मंत्री महोदय दें कि इनमें से कौन से आंकड़े दुरुस्त हैं?

अब जहां तक हरिजन बस्तियों का संबंध है, जो विभाग की एन्युअल रिपोर्ट है, उसके मुताबिक 31-01-91 तक जो हरिजन बस्तियां इलक्ट्रीफाइड हुई हैं उनकी संख्या 2,45,583 बतलाई गई है और मंत्री महोदय का कहना है कि 1,00,740 हरिजन बस्तियां इलैक्ट्रिफाइड हुई हैं। तो मंत्री महोदय बतलायें कि कौन से आंकड़े ठीक हैं? क्या जो ऊर्जा विभाग के आंकड़े हैं एन्युअल रिपोर्ट में, वे दुरुस्त हैं या जो इस माननीय सदन में मंत्री महोदय ने आंकड़े प्रस्तुत किए हैं, वे दुरुस्त हैं?

अब जहां तक ट्राइबल एरिया की बात है, एन्युअल रिपोर्ट में यह कहा गया है कि देश भर में 1,11,886 गांव हैं, और जो इलैक्ट्रिफाइड हुए हैं वह 73532 हैं।

[श्री महेश्वर सिंह]

जब यहां एक सप्लीमेंट्री पूछा गया था तो मंत्री महोदय ने राजनीतिक तौर से यू० पी० की सरकार को बीच में खींचना चाहा । उन्होंने यह कह दिया कि विद्युतीकरण में यू०पी० अभी बहुत पीछे है और 70,000 गांव अभी शेष हैं, जहां कि बिजली नहीं पहुंच पाई है । लेकिन आपके विभाग की जो एन्युअल रिपोर्ट है, वह कहती है कि केवल 29622 गांव शेष हैं । इनमें कौन से आंकड़े शुद्ध हैं ? आपने कह दिया 70,000 और विभाग का कहना है –29,622 हैं । आपने मध्य प्रदेश की सरकार को भी खींचना चाहा । मध्य प्रदेश के बारे में जो एन्युअल रिपोर्ट है उसके मुताबिक 6449 गांव शेष हैं और आपने यहां जो आंकड़े रखे हैं, उसके मुताबिक 8000 गांव शेष हैं । जहां तक हिमाचल प्रदेश का संबंध है, इस संदर्भ में आपने एक प्रश्न के उत्तर में कहा है कि वहां शतप्रतिशत विद्युतीकरण हो गया है । उसमें आपने हिमाचल प्रदेश के कुल गांवों की संख्या 16807 बतलाई है और इसमें 485 गांव जन जातीय के बतलाए हैं और फिर अपने उत्तर में यह भी स्वीकार किया है कि अभी 46 गांव शेष हैं । लेकिन इन 46 गांवों का विद्युतीकरण संभव ही नहीं है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने चाहे कोई भी आंकड़े प्रस्तुत किए हों, मैं इतना जरूर चाहूंगा कि जब मंत्री महोदय इस चर्चा का उत्तर देंगे तो या तो वह आज ही स्पष्ट करें कि कौन से आंकड़े ठीक हैं, या बाद में इन आकड़ों का पूरा ब्यौरा लिखकर दें । लेकिन एक बात जरूर कहना चाहूंगा, जैसा मीणा जी ने यहां कहा कि चाहे किसी भी प्रांत के आकड़े हों, अगर एक भी गांव के आधे घरों में बिजली पहुंच गई हो तो उनका शतप्रतिशत विद्युतीकरण बतलाया गया है और इसलिए यह सारी गड़बड़ी हुई है और जहां तक हिमाचल प्रदेश का संबंध है, यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि कांग्रेस के जमाने में मुख्य मंत्री महोदय ने हिमाचल दिवस पर एक एलान कर दिया कि हिमाचल में कोई भी गांव अब ऐसा नहीं है जहां पर बिजली नहीं है, जिसका परिणाम आज हमको भुगतना पड़ रहा है ।

आर० ई० सी० निगम की स्थापना 1966 में की गई थी । मैं इस बात को स्वीकार करता हूं कि जब से इस निगम की स्थापना हुई है, ग्रामीण विद्युतीकरण में तेजी आई है । लेकिन जो आकड़े दिए हैं उससे भी मैं सहमत नहीं हूं । इनका कहना है कि 1968 तक केवल मात्र 12 प्रतिशत विद्युतीकरण हुआ था और अब 82 प्रतिशत हो गया । यह 82 प्रतिशत केवलमात्र कागजों में हैं । आज जब आर०ई०सी० निगम के पास कोई भी स्कीम जाती है तो कभी एक बहाना, कभी एक ओब्जेक्शन तो कभी दूसरा ओब्जेक्शन लगकर वापिस आ रही है । इसलिए मेरा मंत्री महोदय से यह नम्र निवेदन है कि दोबारा इस चीज का सर्वेक्षण किया जाए कि कितनी हरिजन बस्तियां बकाया हैं, कितने गांव बकाया हैं और इसके सही आंकड़े सदन में प्रस्तुत किए जाएं । इसके अतिरिक्त जहां तक आर० ई०सी० की कारगुजारी है –(घंटी)– मैं एक बात कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा, उपसभाध्यक्ष जी । आज आर० ई०सी० ने स्कीमों को स्वीकृत करने के लिए जो मापदंड रखे हैं, उसमें भी आमूलचूल परिवर्तन करने की जरूरत है । आप इस बात से सहमत होंगे कि विशेषकर पहाड़ी प्रांतों में बिखरी हुई आबादी है, वहां की भौगोलिक स्थिति बहुत कठिन है और वहां जो मैदानी इलाकों के लिए आंकड़े हैं उनके आधार पर विद्युतीकरण नहीं हो सकता । चूंकि वहां चार गांव एक जगह हैं और चार गांव छः किलोमीटर पर हैं और एक घर से दूसरे घर तक बिजली ले जाने के लिए पोलों का खर्चा भी ज्यादा आता है । अगर कम पोल लगेंगे तो ट्रांसमीशन लॉस होगा और जो ट्रांसफारमर्स के लिए आपने एक मापदण्ड रखा है कि जितनी उसकी केपेसिटी है उतने घर कवर होने ही चाहिए । पहाड़ों में यह मापदंड नहीं चल सकता, क्योंकि वहां पर बिखरी हुई आबादी है । जितनी माप लम्बी लाईन खींचेंगे, जितनी पोलों की दूरी रहेगी उतना ट्रांसमीशन लॉसेज

होगी । इसलिए इसमें आमूलचूल परिवर्तन किया जाए और कुछ छूट दी जाए । इसका आधार आबादी पर न रखा जाए, बल्कि जगह की भौगोलिक परिस्थिति को आधार रखा जाए । मंत्री महोदय ने यह भी स्वीकार किया है कि आने वाले समय में ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ती चली जाएगी । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने यह कहा है कि 1996-97 में बिजली की जो आवश्यकता देश में हो जाएगी वह 4,16,274 मिलियन यूनिट हो जाएगी । तो उसका सीधा अर्थ यह है कि बिजली उत्पादन की ओर सरकार को विशेष ध्यान देना होगा । आज भारत में बिजली के सोर्सेज की कमी नहीं है बल्कि रिसोर्सेज की कमी है । उपसभाध्यक्ष महोदय, जहां तक कि थर्मल बिजली का संबंध है, थर्मल से पैदा की गई बिजली मंहगी पड़ती है और जो हाईडिल प्रोजेक्ट द्वारा बिजली पैदा की जाती है वह सस्ती पड़ती है । पहले जो हाइड्रो विद्युत इंस्टाल्ड कैपेसिटी थी और जो आपकी थर्मल विद्युत इस्टाल्ड केपेसिटी है, उसका अनुपात 40 और 60 था । आज वह 28 और 72 हो गया है अर्थात् सरकार ज्यादा ध्यान आज थर्मल की ओर दे रही है और हाईडिल प्रोजेक्ट की तरफ ध्यान नहीं दे रही है । फलस्वरूप जो बिजली आज पैदा हो रही है वह महंगी है, उसको कॉस्ट आफ जनरेशन ज्यादा है ।

इसलिए मैं अंत में यह भी निवेदन करना चाहूंगा कि थर्मल के बजाय हाईडिल प्रोजक्ट की ओर विशेष ध्यान दिया जाए । हिमाचल प्रदेश मात्र एक ऐसा प्रदेश है जो 20000 मैगावाट बिजली पैदा करने की क्षमता रखता है लेकिन सीमित साधन होने के फलस्वरूप केवल 3200 मैगावाट ही बिजली पैदा हो रही है । इससे ज्यादा बिजली पैदा करने के लिए हिमाचल की सरकार प्रयत्नशील है । प्राइवेट सैक्टर में लोगों को आमंत्रित करे या विभिन्न प्रांतों की सरकारों के साथ मिलकर विद्युतीकरण का काम करे, अपने स्रोतों का दोहन करे ।

अंत में मैं एक प्रार्थना आपके माध्यम से करना चाहूंगा कि हिमाचल प्रदेश में जितनी बिजली पैदा करने का पोटेंशियल है, उसके लिए जब भी आप विभिन्न योजनाओं को विदेशी आर्थिक सहायता के लिए अनुमोदित करें, तो हिमाचल प्रदेश में लारजो हाईडिल प्रोजेक्ट, पार्वती हाईडिल प्रोजेक्ट आदि का विशेष ध्यान रखें और उनको अनुमोदित करे ताकि अगर भारत सरकार के लिए संभव नहीं है तो विदेशी आर्थिक सहायता उसको मिल सके और देश में बिजली का ज्यादा उत्पादन हो सके ।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं और मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि मंत्री महोदय जब जवाब देंगे तो फिर से हमको आंकड़ों के जाल में नहीं फंसायेंगे बल्कि सच्ची-सच्ची बातें इस सदन के सामने रखेंगे । इन शब्दों के साथ मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं । धन्यवाद ।

DR. NAUNIHAL SINGH (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman Sir, rural electrification is a very important and serious issue in the country's overall development. But, unfortunately, it has been continuously ignored by the successive governments. As a body which approves the policies of the Government, you and I are duty-bound to ask the following two questions. Firstly, are the provisions in our Constitution and the Directve Principles <# State Policy being adhered to or have the successive governments failed to fulfil the aspirations of a majority of our people? Secondly, are you ready to live in a village with the conditions prevailing there?

There are over thirty million job-seekers in India today. I submit that the present socio-economic unrest can be tackled effectively in a very large measure through creation of more productive jobs in the framework of enhanced rural industrialisation leading to increased GDP and a check on population growth. It is very significant that out of the thirty target

[Dr. Naunihal Singh]

districts identified in the country with very high population growth rates, eighty-three are in the States of Uttar Pradesh, Bihar, Madhya Pra desh and Rajasthan. It is well known that the size of the family amongst the educated and employed has shown a significant decrease. It is also well known that literacy and mass education are very closely re lated availability of light, electri cal power and energy. Nevertheless, we should also modify the slogan—HUM DO HAMARE DO to HUM DONO EK HAMARA EK. Further, nowhere is the rural-urban divide more glaring than in the area of power consumption. Today, while 23 per cent of Indians in urban and industrial centres consume 75 to 80 per cent of electrical power generat ed, the rural areas with 77 per cent of our population get only about 20 to 25 per cent. This is why rural development could not be envisaged and this is the resultant reason for the poverty of rural India, For the reason alone, India is listed among the ten poorest countries of the world even after forty-five years of freedom. Surely, our Constitution which guarantees certain rights to each and every Indian, intended to provide equal per capita provisions. of energy and power for rural and urban populations. Since this has not been honoured, this was thus a clear violation of the spirit and content of the Constitution of India. Sir, this should be noted and this is a very serious thing. How would you re act if the rural youth within a radius of a hundred miles were to converge on the city demanding equal distribution of power, diesel, LPG, kerosene, transport, schools, telephones and other essential inputs necessary for development? It is only too well known that development and per acpita energy consumption are directly related. For example, it is 200 KWH per annum in India visa-vis 4,000 KWH per annum in the USA. So, development, industrialisation and availability of energy are inseparable. It, therefore, follows that if the developmental process is to be speeded up in the rural areas, massive dosage of commercial energy, directed at augmenting rural industrialisation, i_s the only answer.

Sir, one can surely admit that if we want to ensure equal means of livelihood facilities and resources we will have to ensure that a light is lit and a fan is switched in every rural home when these facilities are being enjoyed in the urban centres. To this end, I would humbly plead for the following changes in the State policy:

(1) Separation of the 210 V do mestic power supply network from the HT and 440 V 3-phase supplies to the industrial and agricultural sectors including irrigation.

(2) Authorising every industry, in particular, the sugar, agro-based and other isdustries, in the rural areas to generate, distribute and sell power.

(3) Bringing forward legislation prohibiting burning of bagasse or other agro-residues in the fields as ha_s been done in other countries of the world.

(4) Opening up of the coal industry to private sector participation immediately to increase rapi- • dly the availability coal at least by 50 million tonnes per annum.

(5) Introduction of high_efficien-coal-fired—this is very important —turbo machinery in sugar industry so that decentralised power can be generated and distributed in the rural areas.

(6) Enlarging the concept of workers' participation in management—this is very important-^-to primary producers' participation in preferential equity of industries

processing their produce and their derivatives.

(7) To end the monopoly of the State Electricity Boards every industry requiring more than half a MW of power should be made duty-bound to generate, distribute and sell power to its neighbourhood.

All these actions would help in developing abundant power supply for agriculture, for food-processing industries, for education and medical purposes in the rural areas.

Finally, Sir, if the State policies are so changed or modified as envisaged by me, I am pretty sure that it will be an act towards restructuring India, creating a new India, in fact, the real India, which lies in the villages and the dream of the Father of the Nation, Mahatma Gandhi, will be truly fulfilled. Thank you very much, Sir.

श्रीमती सत्या बहिन (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष दलित बस्तियों में गरीबों की बस्तियों में विद्युतीकरण का प्रश्न आज एक ज्वलंत प्रश्न है, ज्वलंत समस्या है । सरकार कोई भी हो, उस समस्या का निराकरण करने की उनकी नैतिक जिम्मेदारी है ।

मान्यवर, देश के अंदर लाखों नहीं मैं कहती हूं लाखों कि तादाद में बस्तियां हैं गांव हैं और गरीबों के घर तो करोड़ों की तादाद में होंगे जो अंधेरे हैं और साथ ही जो पोश कालोनियां हैं, धनिक लोगों के घर हैं वहां तो बिजली जगमगा रही है।

लेकिन जो गरीबों की बस्तियाँ हैं, दलितों की बस्तियां हैं उसमें अंधेरा है जिससे बहुत सी समस्यायें पैदा हुई हैं, विकास तो रुकता ही है । क्राइम पैदा होते हैं, समस्यायें पैदा होती हैं, सामाजिक समस्यायें और दूसरी समस्यायें। आज मैं यकीन के साथ कहती हूं कि यह लगभग दो-तीन वर्ष से बिजली के क्षेत्र में जो काम होना चाहिए था विद्युतीकरण की दिशा में होना चाहिए था वह नहीं हुआ । रुका हुआ है । मैं दिल्ली के ही ऐसे बहुत से इलाकों को जानती हूं जहां दो या तीन वर्ष पहले बिजली लगी थी, बिजली के तार लगे थे, तार उखड़ भी गए हैं, पता नहीं सरकार के रिकार्ड में भी हैं या नहीं, बहरहाल वहां बिजली नहीं है । ऐसी बात तो बहुत से नागरिक हमें पहुंचाते हैं । लेकिन मैंने खुद भी कई जगहों पर जाकर देखा है । मैं बहुत संक्षेप में कहना चाहूंगी कि ऐसी बस्तियों का आप सर्वे कराइए कि पहले सरकार की तरफ से तार लगे या नहीं, विद्युतीकरण का काम हुआ या नहीं ? पर इतना जरूर है कि गरीबों के इलाकों में बजली नहीं पहुच पाई अभी तक । मेरा निवेदन यह है कि क्या आप इसका सर्वे करायेंगे क्योंकि इसमें सरकार के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है । नए सिरे से अगर विद्युतीकरण करायेंगे तो उतना ही पैसा फिर लगेगा । मैं यह कहना चाहती हू कि ऊर्जा मंत्री जी स्वयं उत्तर प्रदेश के हैं और उत्तर प्रदेश के बारे में बिजली के बारे में मैं क्या कहूं स्वयं मंत्री जी जानते हैं उत्तर प्रदेश की हालत । उपसभाध्यक्ष जी आप भी जब बिहार से आते होंगे रेल से तो उत्तर प्रदेश को अंधेरे में डूबा हुआ पाते होंगे । (व्यवधान) मैं बहुत संक्षेप में बताना चाहती हूं कि वहां की क्या दुर्दशा है । उत्तर प्रदेश में जनता परेशान है । बिजली मंत्रियों का घेराव करती है । तो बिजली मंत्री परेशान होकर दूसरे शहर में चले जाते हैं । मथुरा में घेराव होता है तो आगरा में चले जाते हैं और आगरा में घेराव होता है तो लखनऊ में चले जाते हैं । सुरक्षा के घेरे में रहते हैं। जनता परेशान रहती है । अपनी अकर्मण्यता और अक्षमता पर पर्दा डालने के लिए केंद्रीय सरकार पर दोषारोपण करती है । मेरी समझ में नहीं आता कि केंद्रीय सरकार कहां दोषी है । जो आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट है बिजली की उससे पता लगता है कि उत्पादन पहले से ज्यादा हुआ है और उत्तर प्रदेश को भी हिस्सा मिला है। लेकिन होता क्या है ? वहां वितरण व्यवस्था ठीक नहीं है । जहां पर मंत्रियों

[श्रीमती सत्या बहिन]

का अपना स्वार्थ है या जहां पर लोग एयरकंडीशंन जगहों पर रहते हैं, बिजली घर में जगमगाती रहे वहां पर बिजली दे दी जाती है । गरीबों के क्षेत्रों में, आम जनता के क्षेत्रों में से बिजली की कटौती कर दी जाती है । वहां यह हालत है । इसके साथ एक बहुत बड़ी चिंताजनक बात यह है कि उत्तर प्रदेश में बिजली की परेशानी से उद्योगपति खत्म हो रहे हैं । उत्तर प्रदेश का विकास रुक रहा है । वहां के उद्योग धंधों की आप अगर सर्वे करायेंगे तो सच्चाई सामने आ जाएगी । वहां के लोग छोटे-छोटे कारोबार वाले, बड़े कारोबार वाले चाहे गाजियाबाद में हो, नोएडा में हो, आगरा में हो, कानपुर में हो वे लोग अपना कारोबार छोड़ कर कर्नाटक में चले गए हैं, गुजरात में चले गए हैं या दूसरी जगह चले गए हैं । इसकी वजह यह है कि वहीं पर बिजली नहीं पहुच रही है । तमाम लोग बेरोजगार हो रहे हैं, बेघर हो रहे हैं । कारोबार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं । मैं मंत्री महोदय को बहुत संक्षेप में यह कहना चाहती हूं कि हमारे उत्तर प्रदेश के लिए जो इतना बड़ा प्रदेश है, इतना विकसित प्रदेश है उसके लिए यह दुर्भाग्य की बात है कि बिजली नहीं है, वहां बिजली की व्यवस्था करायें ।

उसके लिए यह दुर्भाग्य की बात है । आप बिजली की व्यवस्था करायें और अगर उत्तर प्रदेश की सरकार सक्षम है, नहीं सुनती है तो हिदायत देना केंद्रीय सरकार का काम है । जो सरकारें काम नहीं करना चाहती हैं, अक्षम हैं, अकर्मण्य है, उनका आप सही मार्ग दर्शन करें और उनको निर्देशित करें । यह बिजली की समस्या ज्वलंत समस्या है, विकास से जुड़ी हुई है । आम जनता की समस्या है । समाज की समस्या है । इतना कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करती हूं । खासतौर से उस वक्त जब हमारे बिजली मंत्री स्वयं उत्तर प्रदेश के हैं तो यह दुर्भाग्य कम से कम उसका नहीं होना चाहिए ।

SHRI SARADA MOHANTY (Orissa): I only want to ask two of three specified questions. In this jubilee year of Quit India Movement, I want to know whether any subsidy is going to be given to the freedom-fightfirs, Harijans and Adivasis to electrify their houses. My second question is, how many Harijan bastis have been electrified during Dr. Am-bedkar's centenary year, State-wise? My third question is, how many Adivasi bastis, specially in the State of Orissa, have been electrified so far? These are my questions.

SHRIMATI MIRA DAS (Orissa): Sir, there is hardly any truth in the statistics presented or the statements made by the R.E.C. That is far from the truth, because R.E.C. has no access to a place inside the villages. I know it because I come from a backward State and I know the situation. R.E.C. has no access to the inside of the village and they collect their statistics from outside the village, because they cannot go beyond that point. The Harijans and the Adivasis generally stay in the outskirts of the village and there is no possibility of the electricity reaching them. That is why I would request the officials of the R.E.C. to be very carfeul when they make any statements or give statistics, because I know personally about the working of the R.E.C. and I know that it has no control over distribution. It is the State Government which looks after the distribution through the State Electricity Boards. So my request is that whatever statistics are prepared, these should be prepared carefully.

Unless we give some extra incent-tive to Harijans or the backward class people, they will not be able to get electricity because they do not have the capacity to pay for it. Electricity is not only to provide light to their houses; it has also got a socio-economic effect. It has a very special impact on the society. When we talfcof electrifying Harijan bastis, it is only one or two persons in a village who are able to get electricity because of

reach the poor people. So I leave it to the House to see whether the sta. tistics given by the Government^ are reliable or not. I hope the Minister will clarify, these points.

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, ग्रामीण क्षेत्र में विद्युतीकरण प्रदान करने की जिम्मेदारी प्रमुख रूप से राज्य सरकारों की है और वहां के जो राज्य विद्युतीकरण निगम हैं उनकी हुआ करती है । विद्युत के संबंध में यह वार्षिक रिपोर्ट 1990-91 मेरे हाथ में है जिसके अनुसार 1.11 लाख जनजाति गांवों में से मार्च, 1991 तक 72 हजार 344 गांवों का विद्युतीकरण किया जा चुका है ।

इसका मतलब यह है कि जो हमारा लक्ष्य था उस लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो पायी । सातवीं जो योजना है, उसमें विद्युत क्षेत्र के लिए इस एनुअल रिपोर्ट के आधार पर 34,273 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया था लेकिन इसकी तुलना में और ज्यादा रुपए खर्च किए गए 37,201 करोड़ रुपए, जो अपने आप में एक प्रकार से इस विभाग की उपलब्धि है । जितना पैसा विद्युतीकरण के लिए आवंटित किया गया था उससे ज्यादा पैसा इस विद्युतीकरण की आवश्यकता और महत्ता को ध्यान में रखते हुए खर्च किया गया, यह कल्पनाथ राय जी की उपलब्धि है । लेकिन नेगेटिव बात जो जाती है वह यह है कि जितने गांवों का विद्युतीकरण होना चाहिए था, लक्ष्य के आधार पर, वह लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया । यानी उपलब्धि जितनी होनी चाहिए उतनी नहीं हो पायी । जैसे मैंने अपनी बात प्रारंभ की थी, इसकी प्रमुख रूप से जिम्मेदारी राज्य सरकारों की हुआ करती है । तो ऐसे कौन-कौन से राज्य हैं जिन्होंने अपने वांछित लक्ष्य को पूरा नहीं किया है, जितनी उनको उपलब्धि होनी थी वह नहीं हो पायी है । इसमें मैं प्रमुख रूप से, क्योंकि मैं मध्य प्रदेश से संबंधित हूं तो मैं जानना चाहूंगा कि मध्य प्रदेश के लिए कुल कितना पैसा आवंटित किया गया और मध्य प्रदेश में कितने प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण हुआ ? इसके तहत कितने गांव विद्युतीकृत किए गए और जो आपके विद्युतीकरण बोर्ड की योजना हैं, वे एक तहसील को अडाप्ट कर लेते हैं, तो मध्य प्रदेश की कितनी तहसीलों को आपने अडाप्ट किया है और जहां शतप्रतिशत विद्युतीकरण कर लिया गया है, यह मैं जानना चाहूंगा ? क्या आपके पास कोई फीडबैक सिस्टम है ? जितना पैसा आप राज्य सरकारों को ग्रामीण आंचलों में विद्युतीकरण के लिए और विशेष रूप से जो हरिजन बस्तियां हैं, उनकी विद्युतीकरण की जो सुविधा आप राज्यों को देते हैं तो क्या इसके लिए आपके पास कोई फीडबैक सिस्टम है, क्या कोई मानीटरिंग सिस्टम है कि यदि वे वांछित लक्ष्य को नहीं करते हैं तो आप उन पर क्या कार्यवाही करते हैं ? यदि ऐसा कोई मानीटरिंग सिस्टम नहीं है तो क्या आप निकट भविष्य में कोई ऐसा सिस्टम प्रारंभ करने जा रहे हैं, ऐसा मैं मंत्री जी से आपके माध्यम से जानना चाहता हूं ।

साथ ही मेरा अंतिम सवाल यह है कि मध्य प्रदेश की अगले तीन सालों में आप कितनी तहसीलों को अडाप्ट करने जा रहे हैं जिनका शतप्रतिशत विद्युतीकरण हो जाय ?

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : एक मिनट । सदन से मैं अनुमति चाहूंगा कि कुछ देर के लिए माननीय सदस्य श्री बी० नरायणस्वामी जी को यहां पर बैठने की इजाजत दी जाए ।

आपकी अनुमति है ?

कई माननीय सदस्य : अनुमति है ।

[उपसभाध्यक्ष (श्री बी नारायणसामी) पीठासीन हुए]

श्री सुरेश पचौरी : मान्यवर, सबसे पहले आपका स्वागत है । महोदय अपनी बात को जारी रखते हुए मैं मंत्री महोदय

[श्री सुरेश पचौरी]

से यह जानना चाहता हूं कि जून, 1992 तक मध्य प्रदेश में कितनी हरिजन बस्तियों को रोशनी प्रदान की गयी है और जो 14वें विद्युत सर्वेक्षण समिति का गठन फरवरी, 1989 में किया गया था, क्या उसकी रिपोर्ट प्राप्त हो गयी है ? यदि हो गयी है तो उसकी सिफारिशें क्या हैं और उन पर कब तक कार्यवाही करने जा रहे हैं ? यदि वह रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है तो अपनी तरफ से मंत्री जी पहल करके कब तक वह रिपोर्ट लेंगे, यह मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं। महोदय, मध्य प्रदेश एक पिछड़ा हुआ प्रदेश है जहां हरिजन-आदिवासी बहुत ज्यादा संख्या में हैं। क्या मध्य प्रदेश को प्राथमिकता के आधार पर और ज्यादा उसका ग्रामीण विद्युतीकरण का प्रतिशत बढ़े, इसको दृष्टिगत रखते हुए जो वित्तीय मदद सातवीं पंचवर्षीय योजना में दी गयी थी, उससे अधिक आठवीं पंचवर्षीय योजना में देंगे और यदि देंगे तो वह राशि कितनी होगी ? अभी तक मध्य प्रदेश सरकार को कितनी राशि दी गयी है और उस राशि के अनुपात में उसने कितना विद्युतीकरण किया है, यह मैं आपके माध्यम से जानना चाहूंगा।

श्री अनन्त राम जायसवाल (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी यह चर्चा सवाल और उसके जवाब से उत्पन्न विषय पर है, यह पूरे बिजली क्षेत्र को कवर नहीं करता है। मान्यवर, मैं निवेदन कर रहा हूं कि जिस सवाल तथा जवाब के आधार पर यह चर्चा मांगी गयी है ... उसी तक यह सीमित नहीं है, नम्बर एक चीज। दूसरी चीज यह है कि केवल यह सवाल पूछा गया था कि कितने गांवों का विद्युतिकरण हुआ और कितनी हरिजन बस्तियों का लेकिन यहां इसके साथ देश का सारी स्टेटस के बारे में जानकारी मांगी जाए तो मैं समझता हूं कि वह उस सवाल से संबंधित नहीं है। जैसे यहां पर चर्चा में आया है, उसके लिए तो अलग से सूचना देनी चाहिए, अलग से जानकारी मांगी जानी चाहिए। तीसरी चीज यह है कि अगर इतनी विस्तृत जानकारी कोई चाहता है तो उसके लिए अतारांकित प्रश्न होता है, वह पूछें और मंत्री जी जवाब दे दें कि इस स्टेट में क्या-क्या हालत हैं। लेकिन ओरल सवाल जो आते हैं उनका मतलब है कि किसी महत्वपूर्ण पब्लिक इम्पोर्टेंस के विषय पर वह सवाल किया जा सकता है। जहां तक जवाब का संबंध है महेश्वर सिंह जी ने इसमें यह सूचना मांगी गई थी कि सातवीं पंचवर्षीय योजना में कितने गांवों में हरिजन बस्तियों में बिजली लगी है। उसका जवाब अगर देखेंगे तो यह नहीं है कि अब तक शुरू से ले कर कितने गांवों में बिजली लगी है। यह सवाल नहीं है और न जवाब है। इसमें यह है कि सातवीं पंचवर्षीय योजना में जो आप को डिसक्रिपेंसी नजर आई, आपने पूरा शुरू से लेकर अब तक का कवर किया कि इतने गांवों की डिसक्रिपेंसी है जो आप बताते हैं, वह इसमें है **(व्यवधान)**

श्री महेश्वर सिंह : सप्लीमेंटरी का जवाब भी पढ़ लीजिए न। जो उन्होंने जवाब दिया है, उसको पढ़ लें।

श्री अनन्त राम जायसवाल : सवाल पूछा था कि कितने गांवों में बिजली लगी और कितनी हरिजन बस्तियों में बिजली लगी सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान और जवाब इसमें आया है जो आप ने पढ़ा था कि एक लाख पांच सौ छः गांवों में बिजली लगी और एक लाख सात सौ चालीस हरिजन बस्तियों में बिजली लगी है। तो इसको यह मानना चाहिए कि पूरा शुरू से लेकर अब तक किन-किन गांवों में बिजली लगी। यह खाली सातवीं पंचवर्षीय योजना का है। दूसरी चीज मैं यह कहना चाहता हूं कि हम सभी जानते है कि बिजली किस गाँव में लगे, इसके लिए बिजली सलाहकार समिति होती है जिले में और वह बैठती है, तय करती है कि किन-किन गांवों में बिजली लगनी चाहिए। इसको लगाने की जिम्मेदारी स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड की है।

भारत सरकार की जिम्मेदारी नहीं है । सप्लाई सिस्टम तथा उसकी मेंटेनेंस की जिम्मेदारी राज्य बिजली बोर्ड की है । वह जवाब इसमें आ गया है । इसलिए इन्हीं सवालों तक हम लोगों को बहस को कनफाइन रखना चाहिये इधर-उधर नहीं जाना चाहिये । इसके साथ में अपनी बात को खत्म करता हूं ।

श्री महेश्वर सिंह : आपने यह नहीं पढ़ा कि सप्लीमेंटरी के जवाब में मंत्री जी ने क्या कहा ? (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री वी० नरायणसामी): आप बैठिये । आप बैठिये ।

श्री अनन्त राम जायसवाल : इसलिये हमने कहा था कि अगर विस्तृत जानकारी हो तो इस तरह की डिसक्रिपेंसी आ सकती है क्योंकि जो सवाल आपने पूछा था वह जानकारी दे दी गई है। अगर उसके अतिरिक्त आप और जानकारी लाते हैं तो उसके लिये अतिरिक्त सूचना चाहिए, उसके लिए फ्रेश नोटिस चाहिए ।

श्री महेश्वर सिंह : इस मूल प्रश्न के सप्लीमेंट्री जो हैं उनको पढ़िये (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): No discussion please. The Minister is there to reply-

